# कार्यालय प्राचार्य
# फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर
# जिला–गरियाबंद (छत्तीसगढ़)
**Grade "B" Accredited by NAAC**

te-www.fngovtcollegefingeshwar.in || विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् || e-mail : govtcollegefingeshwar2013@gmail.com


## Institutional Development Plan

उच्च शिक्षा संस्थानों का विकास केवल शैक्षणिक गितिविधियों तक सीमित नहीं होता बल्कि इसमें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार, छात्र विकास, सामाजिक उत्तर दायित्व तथा आधुनिक अधोसंरचना का समन्वित विकास आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा एक संस्थागत विकास योजना (Institutional Development Plan) तैयार की गयी है। यह योजना फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक एवं भौतिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गयी है। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देना, आधुनिक अधोसंरचना का विकास करना तथा महाविद्यालय को क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट संस्थान के रूप में स्थापित करना है।

इस विकास योजना को तीन चरणों में विभाजित किया गया है:
1. लघु अवधि योजना (1 वर्ष)
2. मध्यम अवधि योजना (5 वर्ष)
3. दीर्घ अवधि योजना (15 वर्ष)

## संस्थान का उद्देश्य एवं दृष्टि (Vision and Mission)

### Vision

उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, अनुसंधान एवं नैतिक मूल्यों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में सक्षम बनाना।

### Mission

- विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करना।
- अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करना।
- विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना।
- आधुनिक अधोसंरचना एवं डिजिटल संसाधनों का विकास करना।

## वर्तमान स्थिति का संक्षिप्त विश्लेषण

महाविद्यालय में स्नातक स्तर की विभिन्न संकायों (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) एवं स्नातकोत्तर (रसायन शास्त्र एवं भूगोल) में शिक्षा प्रदान की जा रही है। संस्थान में योग्य एवं अनुभवी सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। हालाँकि बदलते शैक्षणिक परिदृश्य के अनुसार संस्थान में अधोसंरचना के विस्तार, अनुसंधान गतिविधियों में वृद्धि, डिजिटल शिक्षण पद्धतियों के उपयोग तथा कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह संस्थागत विकास योजना तैयार की गई है।

## लघु अवधि योजना (1 Year Plan)

लघु अवधि योजना के अंतर्गत ऐसे कार्यों को शामिल किया गया है जिन्हें एक वर्ष के भीतर पूर्ण किया जा सकता है।

उद्देश्य (Objective):
- महाविद्यालय में बुनियादी संरचनाओं और सेवाओं का सुधार।
- शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और छात्र–छात्राओं के लिए सुविधाएं बढ़ाना।
- कर्मचारियों और छात्रों के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम आयोजित करना।

Scanned with OKEN Scanner

संभावित कदम (Action Plan):

- कक्षाओं और पुस्तकालय को डिजिटल संसाधनों से लैस करना।
- विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा और स्वच्छता सुविधाओं का सुधार।
- कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का आयोजन।
- छात्रों के लिए अतिरिक्त शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता (ऑनलाइन टूल्स, गेस्ट लेक्चर्स, आदि)।
- कर्मचारियों के लिए समय–समय पर प्रशिक्षण कार्य।
- परिसर में चिकित्सा सुविधाओं एवं इमरजेंसी प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना।

| Objective | Action Plan |
|---|---|
| ıstructure Improvement | Digitalization of classrooms, clean campus and upgrading library facilities |
| ṙiculum Enhancement | Update curriculum, organize workshops & seminars |
| lemic Reforms | Implement of online tools, Guest lectures and examination system |
| ıth & Safety | Establish health facilities and emergency management system |

## 5 वर्ष की योजना (5 Year Plan)

द्देश्य (Objective):

•महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना।
•शोध और विकास में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।
•महाविद्यालय का इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं बढ़ाना।
•विद्यार्थियों के लिए प्रैक्टिकल और उद्योग–आधारित प्रशिक्षण अवसरों का विकास।

संभावित कदम (Action Plan):

- उच्च–स्तरीय शोध कार्यों के लिए अनुसंधान केंद्रों की स्थापना।
- शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कौशल वृद्धि कार्यक्रमों का आयोजन।
- राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय के सम्मेलनों और कार्यशालाओं का आयोजन।
- शैक्षिक साझेदारियों और सहयोग को बढ़ावा देना।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लासरूम्स, विज्ञान प्रयोगशालाएं और तकनीकी सुविधाएं स्थापित करना।
- छात्रों के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए नए स्थल बनाना।

| Objective | Action Plan |
|---|---|
| ıdemic Excellence | Launch advanced courses, set up research centers |
| titutional Recognition | Organize national conferences, collaborations with universities |
| rastructure Expansion | Build smart classrooms, new sports facilities |

Scanned with OKEN Scanner

## 15 वर्ष की योजना (15 Year Plan)

उद्देश्य (Objective):

ाविद्यालय को एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करना।

च्चतम स्तर पर शैक्षणिक, शोध और समाज सेवा में योगदान देना।

ाविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाना, जिसमें स्थिर वित्तीय स्थिति और अकादमिक उत्कृष्टता शामिल हो।

। कदम (Action Plan):

- महाविद्यालय की रैंकिंग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्नत करना।
- छात्रों और शिक्षकों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन।
- शोध और विकास के लिए अत्याधुनिक केंद्रों की सीपना।
- उद्योगों और अन्य विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी बढ़ाना।
- छात्रों को शोध परियोजनाओं में सम्मिलित करना और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करना।
- महाविद्यालय को विभिन्न आय स्रोतों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना, जैसे उद्योगों से फंडिंग, डोनेशन और अन्य स्रोत।
- समाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के तहत महाविद्यालय द्वारा सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के कार्य करना।

| Objective | Action Plan |
|---|---|
| **al Recognition** | Improve global rankings, create international opportunities for students & faculty |
| **arch & Innovation** | Establish advanced research centers, collaborate with industries & universities |
| **Sustainability & Financial pendence** | Develop multiple revenue streams, offer certificate programs |
| **al & Environmental ›onsibility** | Community development programs, environmental sustainability initiatives |

योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय में निम्नलिखित समितियों की सक्रिय भूमिका रहेगी:

- प्राचार्य
- आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
- विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष

संस्थागत विकास योजना महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।समय-समय पर योजना की समीक्षा आवश्यकतानुसार संशोधन किए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान ना, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा आधुनिक अधोसंरचना का विकास करना है।

प्राचार्य

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर

जिला – गरियाबंद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner